प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

यशोन्नति

वर्ष 8+15 अंक 27 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी गुरूवार 18 मई 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉंग इन करें
https://
dainikyashonnati.
com

पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

पूर्व सांसद श्रीमती पटेरिया के नेतृत्व में बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने देखी द केरला स्टोरी

सिवनी यशोः- द केरला स्टोरी की देश भर में चर्चा हो रही है । मध्यप्रदेश में चारों तरफ से समाचार आ रहे है कि अनेक स्थानों पर द केरला स्टोरी फिल्म को लड़कियों में जागरूकता का संदेश देने के लिये महिला एवं युवतियों को बड़ी संख्या में समाजसेवी एवं राजनैतिक व्यक्तियों द्वारा निःशुल्क दिखाई जा रही है । बुधवार को पूर्व सांसद एवं केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की सदस्य श्रीमती नीता पटेरिया ने जिला मुख्यालय के सिनेमा घर में लगी इस फिल्म को बालिकाओं एवं मातृशक्ति को निःशुल्क दिखाई । श्रीमती पटेरिया के अह्वान पर अनेक सामाजिक धार्मिक, शैक्षणिक संस्थानों, महिला संगठन एवं महिला मोर्चा की बहनों ने फिल्म देखी । इस अवसर पर उपस्थित मातृशक्ति ने संस्कृति और संस्कारों की रक्षा का संकल्प लिया ।

सिनेमा घर में उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे ने इस अवसर पर कहा कि हमारी संस्कृति और संस्कारों के विरूद्ध जो कुचक्र हो रहे है उसकी असलियत इस फिल्म में दिखाई गयी है । आमजनता में जागृति के लिये श्रीमती पटेरिया के नेतृत्व में भाजपा परिवार एवं आमजन इस फिल्म को देख रहे है ।

श्रीमती पटेरिया ने कहा कि भारत को कमजोर करने और हमारी सनातन संस्कृति पर कुठाराघात हो रहा है लव जिहाद के नाम पर हमारी हिन्दु बालिकाओं को धोखा दिया जाता है बाद में धर्मांतरण किया जाता है इस की सच्चाई बताने के लिये यह फिल्म बनी है इस फिल्म को आमजन अधिक से अधिक संख्या में देखे और समाज को जागृत करें इस उद्देश्य से हम अपना प्रयास कर रहे है । इस फिल्म में जो दिखाया गया है वह बताता है कि माताएँ अपनी बच्चियों को लव जिहाद के कूचक्र से बचाये और बालिकायें इनके झूठे षडयंत्र पूर्ण प्यार के जाल से सतर्क रहे । योगीराज टाकीज में बडी संख्या में माताएँ एवं बालिकाएं फिल्म देखने पहुँची ।

अधिक लिये लांगइन करें
https://
dainikyashonnati.
com

बजरंग दल पर प्रतिबंध की जरूरत नहीं कोर्ट का कानून पर्याप्त है - दिग्विजय सिंह

भाजपा सरकार नहीं चला रही व्यापार कर रही है, पत्रकार वार्ता में पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा पर बरसे

सिवनी यशो :- प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मंगलवार को सिवनी पहुँचने पर कांग्रेस द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि जनता ने 2018 के चुनाव में कांग्रेस को बहुमत दिया था परंतु कुछ कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने धोखा देकर हमारी सरकार गिर गई। कमलनाथ के नेतृत्व में जो सरकार बनी थी। उसने अपने वादे पूरे करने के लिए प्रक्रिया प्रारंभ कर दी थी। प्रदेश में ओवरड्यू किसान थे, उनको 2 लाख तक का कर्जा माफ करने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी। दिग्विजय सिंह ने कहा कि 50 हजार से 1 लाख रुपए तक कर्ज माफ हो गया था। कांग्रेस के समय गरीबों को 300 रुपए वृद्धावस्था पेंशन मिलती थी। शिवराज सरकार ने एक पैसा भी नहीं बढ़ाया। हमारी सरकार ने 600 रुपए देना शुरू किए। श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार आयेगी तो बजरंग दल पर प्रतिबंध की आवश्यकता नहीं है हमारे पास सुप्रिय कोर्ट का फैसला है कि किसी भी दल का व्यक्ति किसी के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग करता है तो उस पर कार्यवाही की जाये । श्री सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार व्यवसाय करती है। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर भ्रष्टाचार के खुले आरोप लगाये और कहा कि मध्य प्रदेश में बीजेपी सरकार नहीं चला रही है, बल्कि व्यापार कर रही है. मुख्यमंत्री की मिलीभगत से ही प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है इस में प्रदेश सरकार के मंत्री, विधायक, शासकीय अधिकारी, भाजपा के नेता शामिल है ।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में आदिवासियों पर अत्याचार हो रहे है और सिवनी भी इससे अछूता नहीं है उन्होंने कहा कि सिवनी जिले में 2 आदिवासियों को पीट पीट कर मार डाला। और शिकायत करने पर उन पर भी मुकदमे दर्ज किए गए। श्री सिंह ने पत्रकारों से ही पूछा कि वे बताये यह कौन सा न्याय है उन पीड़ितो को भी जमानत करना पड़ा। आदिवासियों ही नहीं क्षेत्र के गौरव राजा दलपत शाह जी की 2-2 बार मूर्तियां टूटी दोषियों की पहचान नहीं हो सकी इस पर श्री सिंह आपत्ति व्यक्त की ।

पूर्व सीएम ने आरोप लगाया कि प्रदेश में हर स्तर पर कमीशनबाजी चल रही है। केन्द्र सरकार और प्रदेश की सरकार मप्र में अनुसूचित जाति, जनजाति का बैकलॉग के पदों को नहीं भर रही है । उन्होंने कहा कि ऑनलाइन परीक्षा में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। कई बार पेपर आउट हुआ है, लोगों से फीस वसूली की गई, लेकिन एग्जाम नहीं हो पाए। परीक्षा नहीं हो पाई, नियुक्ति पत्र नहीं मिल पाए। ।

वोटो का विभाजन करने वाले दलों के बल पर जीतती है भाजपा

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में दो दलो भाजपा और कांग्रेस के बीच ही चुनाव होता है परंतु कुछ ऐसे राजनैतिक दल चुनाव मैदान में आ जाते है जो सौदेबाजी करते है और कांग्रेस को नुकसान पहुँचाते है ऐसे दलों का उन्होंने उल्लेख करते हुये ए आई एम आई एम, बसपा, आम आदमी पार्टी , गोंडवाना गणतंत्र परिषद और गोंडवाना के नाम लिये और कहा कि इनकी चुनाव में उपस्थिती कांग्रेस को चुनाव हराकर भाजपा को जिताने के लिये होती है ।

कांग्रेस नारी सम्मान योजना में देगी 1500 रूपये और सिलेंडर 500 में

पूर्व सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा लाड़ली बहना योजना के तहत जो फार्म भराये जा रहे है उसमें महिलाओं को खर्च बहुत हो रहा है इस फार्म को भरने में परेशानी के साथ उन्हे 2000 तक खर्च उठाना पड़ रहा है और शिवराज सिंह चौहान जी आज लाड़ली बहनों को याद कर रहे हे क्योंकि चुनाव आय गये है 20 तक लाड़ली बहनों की याद नहीं आयी । उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर कमलनाथ अपने वचन के अनुसार महिलाओं को और गरीब परिवारों को 500 रुपए में गैस सिलेंडर देंगे और नारी सम्मान योजना के तहत महिलाओं को 1500 रुपए महीने दिया जाएगा।

मुआवजा राशि वितरण में भ्रष्टाचार

श्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि आज पंचायती राज व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है इसका सरकारी करण हो चुका है। बिना सरकारी कर्मचारी की मंजूरी के पंचायत में कोई काम ही नहीं हो पा रहा। इसी प्रकार से आप देखेंगे कि किस प्रकार भ्रष्टाचार फैला हुआ है । उन्होंने केवलारी में हुये किसानों की 12 करोड़ रूपये मुआवजे की राशि में भ्रष्टाचार की चर्चा की इसमें केवल बाबू के खिलाफ कार्यवाही हुई। रुपए निकालने का अधिकार एसडीएम और ट्रेजरी ऑफिसर के पास होता है। उन पर कार्यवाही क्यों नहीं हुई? उनकी गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई? क्योंकि एसडीएम अकेला दोषी नहीं है, उस का हिस्सा सब के पास जाता है।

पार्टी कहेगी तो सिंधिया के विरूद्ध लड़ेंगे चुनाव

पत्रकारों के एक सवाल पर पूर्व सीएम ने कहा कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के खिलाफ यदि पार्टी आदेश करती है तो वो चुनाव लड़ेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि मैं अभी राज्यसभा का सदस्य हूं। मुझे चुनाव लड़ने की क्या आवश्यकता है।

शेर के हमले से महिला की मौत

सिवनी यशोः- बरघाट विकासखंड के ग्राम कल्याणपुर जंगलटोला में मगलवार प्रातः एक महिला को शेर ने अपना शिकार बना लिया जानकारी के अनुसार गांव से लगे जंगल में कल्याणपुर के समीपी टोला की महिला मीरा बाई राने तेंदूपत्ता तोड़ने गयी थी उसी समय एक शेर ने घात लगाकर महिला पर हमला कर दिया और उसे बुरी तरह नोंचते हुये उसके सिर और धड़ को अलग अलग कर दिया । इस दिल दहला देने वाली घटना की जानकारी मिलने पर कुछ ही देर में बड़ी संख्या में ग्रामीण वहाँ एकत्रित हो गये ।

प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि महिला मीरा बाई राने को शेर ने इतनी बुरी तरह अपना शिकार बनाया है की महिला का सिर तथा धड दो भागो मे विभाजित हो गया ग्रामीणों का कहना है कि तेंदूपत्ता संग्रहण के लिये एक चालीस व्यक्तियों की टीम बनायी जाती है और इस टीम के साथ एक वन विभाग का कर्मचारी मौजूद रहता है परंतु जिले में हो रहे तेंदूपत्ता संग्रहण में कहीं भी इस प्रकार की व्यवस्था नहीं रहती और दुर्भाग्य पूर्ण घटनाएँ घट जाती है ।



चर्चा है कि यह शेर भटक गया कर जंगल से पानी की तलाश में गांव के किनारे पहुँच गया था और इसी दौरान महिला पर उसने हमला कर दिया । घटना गांव के किनारे की होने कारण हजारें की संख्या में लोग एकत्रित हो गये । बड़ी संख्या में ग्रामीणों के पहुँचने के बाद भी हिंसक शेर की उपस्थिती बनी रही और ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति आक्रोश भी बढ़ते रहा । घटना जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी प्रसून शर्मा एस आई गोदेवार अपने सदल बल के साथ घटना स्थल पर पहुँच गये तथा जाँच प्रारंभ कर दी गयी वन विभाग के कर्मचारी और एस डी एम भी सूचना मिलने पर मौके पर पहुँच गये थे ।

वन विभाग की टीम ने जाँच प्रारंभ कर दी है परिजनों को मुआवजे का वन मंडल अधिकारी ने चैक दिया एवं जनपद पंचायत बरघाट की अध्यक्ष की उपस्थिती में मृतक के एक परिजन को योग्यता के अनुसार रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा ।

विद्या भूमि के कक्षा पांचवी का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा

-आदिराज जैन ने पाया प्रथम स्थान-

बरघाट यशोः- विगत दिनों बोर्ड परीक्षा का पांचवी कक्षा का



रिजल्ट घोषित किया गया जिसमें श्री विद्या भूमि सिटी प्राइड स्कूल का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा।

संस्था से प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा पांचवी के छात्र आदिराज जैन पिता शशांक जैन ने कक्षा में प्रथम, रूद्र सूर्यवंशी पिता दीपक सूर्यवंशी ने कक्षा में द्वितीय एवं प्रेक्षा भैरम पिता डीलेन्द्र भैरम ने कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। श्री विद्या भूमि सिटी प्राइड स्कूल के संचालक सदस्यों ने कक्षा पांचवी के सभी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित की।

द केरला स्टोरी देखकर 410 युवतियों-महिलाओं ने ली शपथ, बोलीं दूसरों को भी करेंगे जागरूक

जागरूकता के लिए युवा व्यवसाई नवनीत अग्रवाल द्वारा इस फिल्म प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया

सिवनी यशोः- शहर के योगीराज सिनेमा में मंगलवार को दोपहर 12 से 3 बजे के शो के दौरान अलग ही नजारा रहा। फिल्म द केरला स्टोरी देखने पहुंचीं 400 से ज्यादा युवतियों में अपने धर्म व देश के प्रति सजग रहने का उत्साह नजर आया। शहर के युवा व्यवसाई नवनीत अग्रवाल द्वारा अपने व्यय पर 410 युवतियों व महिलाओं को द केरला स्टोरी फिल्म दिखलाई गई। विशेष बात यह रही कि फिल्म देखने आई युवतियों व महिलाओं में लगभग 4 सौ युवतियां 18 से 24 वर्ष के बीच की थीं। फिल्म देखने के लिए नवनीत अग्रवाल भी अपनी माताजी श्रीमती अलका अग्रवाल के साथ आए थे। फिल्म देखने के बाद सभी ने श्री अग्रवाल का आभार जताया। इतना ही नहीं श्रीमती शिवानी चौहान ने सभी को शपथ भी दिलाई।

शपथ लेते हुए सभी ने कहा कि- हम समस्त मातृशक्तियां-बहनें आज यह प्रतिज्ञा करते हैं कि हम अपने धर्म व देश के प्रति सजग रहकर पूरी निष्ठा के साथ किसी भी तरह के बहकावे में ना आकर अपने धर्म अपनी संस्कृति, अपनी परंपरा, का पालन करते हुए अपने समाज की रक्षा स्वयं करेंगे एवं अपने आस-पास की माताओं-बहनों को भी जागरूक करेंगे, जिससे कि वे किसी भी तरह के लव जिहाद जैसे षड्यंत्र एवं प्रपंच से सुरक्षित रहें। इस अवसर पर नवनीत अग्रवाल की माता श्रीमती अलका अग्रवाल, अभिषेक मालू , सुयश अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, मयूर दुबे, माधव दुबे आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती रितु दहीकर, श्रीमती हर्षिता अग्रवाल व श्रीमती शिवानी चौहान का विशेष योगदान रहा।

21 मई से होगा बड़ी ज्यारत के उर्स का आगाज़, 23 मई को होगा कव्वाली का शानदार मुकाबला

सिवनी यशोः- हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 23 मई को हजरत मियां मोहम्मद शाह वली (र.ह.अ.) बड़ी ज्यारत वालों का सालाना 47 वा उर्स बड़े ही अजीमों शान ढंग से मनाया जाएगा। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में प्रवक्ता के द्वारा बताया गया की उर्स कमेटी के अध्यक्ष हाजी सोहेल पाशा होंगे वही सज्जादा नसीन इमरान पटेल सरपरस्त होंगे वही हाजी शमी अंसारी उर्स कमेटी के सरपरस्त होंगे। विदित हो कि बड़ी ज्यारत की दरगाह सर्वधर्म सदभाव के लिए जानी जाती है इस दरगाह में पूरे वर्ष भर हर धर्म के लोगों का तांता लगा रहता है। बड़ी ज्यारत की दरगाह छोटा अजमेर शरीफ के नाम से भी जानी जाती है।

सिवनी जिले में आयोजित होने वाले जिले के सबसे बड़े उर्स की तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी है। 21 मई से दरूद वानी, मिलाद शरीफ के साथ उर्स का आगाज होगा, 22 तारीख को महफिल ए शमा का आयोजन बाद नमाज इशा के होगा वही फजर की नमाज के बाद परचम कुसाई की रस्म अदा की जायेगी वही 23 मई को देश और विदेश के नामी कव्वाल नीले खान चंडीगढ पंजाब व शब्बीर सदाकत हुसैन चित्तौडगढ़ राजस्थान कव्वाली की शानदार प्रस्तुती देंगे विदित हो कि दोनों ही कव्वाल न केवल हमारे देश में लोकप्रिय है बल्कि विदेशों में भी दोनों कव्वालों के नाम जाने पहचाने जाते है इन दोनों कव्वालों की अनेकों कव्वालियां पूरे देश में लोकप्रिय है। बड़ी ज्यारत में आयोजित होने वाले उर्स के कमेटी के अध्यक्ष हाजी सोहेल पाशा, इमरान पटेल, हाजी शमी अंसारी सहित तमाम बाबा के चाहने वालों ने लोगों से उर्स में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की है।

चंदा नही लिया जाएगा

बड़ी ज्यारत उर्स कमेटी के अध्यक्ष सोहेल पाशा ने बताया कि बड़ी ज्यारत के उर्स में किसी भी प्रकार का कोई चंदा नहीं लिया जाएगा यदि कोई व्यक्ति उर्स के नाम से चंदा मांगता है तो तुरंत इसकी सूचना अध्यक्ष को दे।

जबरन नॉलेज

सब एक ही व्यक्ति बताये - काका हा हा हो

विधायक ने कार्यों को प्रारंभ कराने पुनः तालाब का जायजा लिया

आंधी तूफान से हुए नुकसान पर पीड़ितों की सहायता हेतु राशि स्वीकृत किया

सिवनी यशोः- मंगलवार 16 मई को सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने विकास कार्यो को प्रारंभ कराने पुनः दलसागर तालाब का जायजा लिया तथा ग्राम बघराज में आंधी तूफान से हुए नुकसान पर पीड़ितें की सहायता हेतु राशि स्वीकृत की। विधायक श्री राय ने दोपहर 03:30 बजे नगर के बीच स्थित दलसागर तालाब पहुंचकर पुनः जायजा लिया तथा प्रस्तावित विकास कार्यो को शीघ्र प्रारंभ करने के लिए की जा रही तैयारियो के संबंध में उपस्थित नगर पालिका के उपयंत्री संतोष तिवारी व ठेकेदार से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। इसके पश्चात विधायक श्री राय ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बघराज पहुंचे। जहां मंगलवार को आये आंधी तूफान से क्षतिग्रस्त हुए ग्रामीण जनों के मकानों का निरीक्षण किया तथा तत्काल स्वेच्छानुदान निधि से पीड़ितों के लिए सहायता राशि स्वीकृत किया। इसके साथ ही आपने प्रशासनिक अधिकारियों से उचित मुआवजा राशि प्रदान किये जाने हेतु चर्चा की। इसके पश्चात विधायक श्री राय ने वरिष्ठ भाजपा नेता घनश्याम सराठे की सुपुत्री के शुभ विवाह समारोह में शामिल होने उनके गृह निवास ग्राम सिंघोड़ी पहुंचकर बधाईयां व शुभकामनाएं दीं।

नि:शुल्क खाद्यान्न न मिलने पर सीएम हेल्प लाइन 181 पर करें शिकायत - खाद्य

सतर्कता समिति को सुदृढ़ बनाने के लिये बजट में होगा प्रावधान

सिवनी यशोः- खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह ने कहा कि निःशुल्क खाद्यान्न वितरण प्रणाली में मिलने वाले गेहूँ एवं चावल न मिलने पर उपभोक्ता इसकी शिकायत सीएम हेल्पलाइन 181 पर दर्ज करा सकते है। श्री सिंह सोमवार को मंत्रालय में निःशुल्क खाद्यान्न एवं अन्य विषयों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में खाद्यान्न वितरण व्यवस्था के लिये तैनात सतर्कता समितियों को सुदृढ़ एवं सशक्तिकृत बनाने के लिये बजट में प्रावधान करने पर विचार किया गया है। अध्यक्ष नागरिक आपूर्ति निगम कुंवर प्रद्युम्न सिंह लोधी, उपाध्यक्ष श्री राजेश अग्रवाल, प्रमुख सचिव श्री उमाकांत उमराव, संचालक खाद्य श्री दीपक से सेना एवं प्रबंध संचालक नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्री तरूण पिथोड़े उपस्थित थे।

एन्यूटी मॉडल पर सुसज्जित होंगी दुकानें

खाद्य मंत्री श्री सिंह ने बताया कि भवनविहिन, जीर्णशीर्ण एवं अपर्याप्त भण्डारण क्षमता वाली उचित मूल्य दुकानों को चिन्हित कर एन्यूटी मॉडल पर नई दुकान सह-गोदाम का निर्माण कराया जाएगा। प्रमुख सचिव श्री उमराव ने बताया कि प्रथम चरण में 500 करोड़ रूपये की लागत से 3500 उचित मूल्य दुकानों का निर्माण होगा। प्रति दुकान के निर्माण पर 13 लाख 50 हजार रूपये की लागत आयेगी। नान द्वारा निविदा के माध्यम से दुकानों का निर्माण पीपीपी मोड पर होगा, जिसमें 20 प्रतिशत राशि नान एवं 80 प्रतिशत राशि निजी निवेशक द्वारा लगाई जाएगी।

बैठक में केन्द्र सरकार द्वारा मनरेगा से उचित मूल्य दुकानों पर खाद्यान्न भण्डार के लिये निर्मित किये जाने वाले गोदाम निर्माण की अद्यतन स्थिति पर चर्चा की गई। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 17 हजार 700 दुकानों में गोदाम सह भवन निर्माण का प्रस्ताव पंचायत एवं ग्रामीण विकास को भेजा जायेगा।

मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना

खाद्य मंत्री श्री सिंह ने बताया कि खाद्यान्न वितरण में युवाओं की सहभागिता को सुनिश्चित करने के लिये मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना में 14 जिलों में चयन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। शेष 38 जिलों में चयन प्रक्रिया प्रचलन में है। इसके लिये बैंक में 390 प्रस्ताव प्रेषित किये गये है एवं 128 रिक्त सेक्टर्स में पुनः आवेदन आमंत्रित किये गये है।

बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता सखवार भाजपा में हुए शामिल

मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश संगठन महामंत्री ने दिलायी सदस्यता

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी एवं प्रदेश के गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के समक्ष मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व विधायक, विधायक दल के पूर्व नेता एवं कांग्रेस नेता सत्यप्रकाश सखवार ने भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के विकास कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने श्री सखवार का अंगवस्त्र पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। उनके साथ मुरैना जिले से युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष राधाकृष्ण पचौरी ने भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान सत्यप्रकाश सखवार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में ना कोई संगठन है, ना ही कोई नेता है, ना ही कोई विधान है। कांग्रेस गुटों की पार्टी है और गुटों में लड़ रहे हैं। क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की जनकल्याणकारी नीतियों से हर वर्ग लाभान्वित हुआ है। कांग्रेस में मेरी लगातार उपेक्षा हो रही थी। कांग्रेस ने पूरे देश के दलितों के साथ कुठाराघात करने का काम किया है। कांग्रेस ने मुझे पिछला चुनाव हराने का काम भी किया। उन्होंने कहा कि पार्टी हमें जो दायित्व देगी हम उस पर खरे उतरेंगे।

गरीबी उन्मूलन के क्षेत्र में विश्व को राह दिखाता भारत

प्रह्लाद सबनानी-

भारत में विशेष रूप से कोरोना महामारी के बीच एवं इसके बाद केंद्र सरकार द्वारा गरीब वर्ग के लाभार्थ चलाए गए विभिन्न कार्यक्रमों के परिणाम अब सामने आने लगे हैं। विशेष रूप से प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना के अंतर्गत देश के 80 करोड़ नागरिकों को मुफ्त अनाज की जो सुविधा प्रदान की गई है एवं इसे कोरोना महामारी के बाद भी जारी रखा गया है, इसके परिणामस्वरूप देश में गरीब वर्ग को बहुत लाभ हुआ है।

हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत में गरीबी के अनुमान पर एक वर्किंग पेपर जारी किया है। इस वर्किंग पेपर में अलग अलग मान्यताओं के आधार पर भारत में गरीबी को लेकर अनुमान व्यक्त किए गए हैं। इस वर्किंग पेपर के अनुसार, हाल ही के समय में भारत में 1.2 करोड़ नागरिक अतिगरीबी रेखा के ऊपर आ गए हैं।

वर्ष 2022 में विश्व बैंक द्वारा जारी किए गए एक अन्य प्रतिवेदन के अनुसार, वर्ष 2011 में भारत में 22.5 प्रतिशत नागरिक गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने को मजबूर थे परंतु वर्ष 2019 में यह प्रतिशत घटकर 10.2 रह गया है। वर्ष 2016 में भारत में अतिगरीब वर्ग की आबादी 12.4 करोड़ थी जो वर्ष 2022 में घटकर 1.5 करोड़ रह गई है।

पिछले दो दशकों के दौरान भारत में 40 करोड़ से अधिक नागरिक गरीबी रेखा से ऊपर आ गए हैं। दरअसल पिछले लगभग 9 वर्षों के दौरान भारत के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक परिवेश में कई बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। जिसके चलते भारत में गरीबी तेजी से कम हुई है और भारत को गरीबी उन्मूलन के मामले में बहुत बड़ी सफलता प्राप्त हुई है।

अतिगरीबी का आकलन 1.9 अमेरिकी डॉलर प्रतिव्यक्ति प्रतिदिन आय के आधार पर किया जाता है। इस परिभाषा के अनुसार किए गए आकलन के अनुसार अब भारत में केवल 0.9 प्रतिशत नागरिक ही इस गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। कुछ वर्ष पूर्व तक भारत में करोड़ों नागरिक अतिगरीबी में जीते थे। वैश्विक स्तर पर एक दूसरी परिभाषा के अनुसार भी गरीबी का आकलन किया जाता है। इसके अनुसार जिस नागरिक की प्रतिदिन आय 3.2 अमेरिकी डॉलर से कम है, वह व्यक्ति गरीबी रेखा के नीचे जीवन करने वाला नागरिक माना जाता है।

इसी प्रकार, संयुक्त राष्ट्र (यूएनडीपी) द्वारा जारी किये गए एक अन्य प्रतिवेदन के अनुसार भी पिछले 15 वर्षों के दौरान भारत में गरीबी आधे से ज्यादा घटी है। वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक में भारत ने कई देशों को पीछे छोड़ा है। भारत सरकार ने गरीब वर्ग के नागरिकों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने में सफल नेतृत्व प्रदान किया है। स्वास्थ्य, शिक्षा एवं जीवन स्तर जैसे मानकों के आधार पर भारत ने अच्छा काम किया है एवं भारत सरकार द्वारा इस संदर्भ में लागू की गई विभिन्न योजनाओं का अच्छा असर हुआ है। भारत ने गरीबी के खिलाफ जंग में एक मिसाल पेश की है। भारत की इस सफलता पर यूएनडीपी ने भारत सरकार की जबरदस्त सराहना की है। भारत में अतिगरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले करोड़ों नागरिकों का इतने कम समय में गरीबी रेखा के ऊपर आना विश्व के अन्य देशों के लिए एक सबक है। इतने कम समय में किसी भी देश में इतनी तादाद में लोग अपनी आर्थिक स्थिति सुधार पाए हैं ऐसा कहीं नहीं हुआ है। भारत में गरीबी का जो बदलाव आया है वह धरातल पर दिखाई देता है। इससे पूरे विश्व में भारत की छवि बदल गई है।

वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2022 प्रतिवेदन के अनुसार ग्लोबल मल्टी डाईमेंशनल पावर्टी इंडेक्स को जारी करने के पूर्व, पूरे विश्व

के 111 देशों के परिवारों में सर्वे किए गए। कुल मिलाकर पूरे विश्व के 610 करोड़ नागरिकों का सर्वेक्षण किया गया एवं यह पाया गया कि पूरे विश्व में 120 करोड़ नागरिक अभी भी अतिगरीबी से जूझ रहे हैं। वहीं संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी प्रतिवेदन में बताया गया है कि विश्व के विभिन्न देशों में 59 करोड़ गरीब नागरिकों को ईंधन की सुविधा उपलब्ध नहीं हैं। यह परिवार भोजन पकाने के लिए ईंधन एवं घरों में रोशनी के लिए बिजली की व्यवस्था नहीं कर पा रहे हैं। जबकि भारत गरीबी के खिलाफ जंग को बहुत मजबूती के साथ लड़ रहा है। भारत में 41.5 करोड़ नागरिक गरीबी रेखा के ऊपर लाए जा चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र ने इसे ऐतिहासिक बदलाव बताया है। भारत में कोरोना महामारी खंडकाल के दौरान एवं इसके बाद भी अत्यधिक गरीबी के स्तर में कोई बढ़ोत्तरी दर्ज नहीं की गई है जबकि विश्व के अन्य कई देशों में इस संदर्भ में स्थिति अभी भी दयनीय बनी हुई है। अमेरिका जैसे विकसित देश में भी होमलेस नागरिकों की संख्या 6 लाख से अधिक बताई जा रही है। भारत में 60, 70 एवं 80 के दशकों में हम लगभग समस्त नागरिक हमारे बचपन काल से ही सुनते आए हैं कि भारत एक गरीब देश है एवं भारतीय नागरिक अति गरीब हैं। हालांकि भारत का प्राचीनकाल बहुत उज्जवल रहा है, परंतु आक्रांताओं एवं ब्रिटेन ने अपने शासन काल में भारत को लूटकर एक गरीब देश बना दिया था। अब समय का चक्र पूर्णतः घूमते हुए आज के खंडकाल पर आकर खड़ा हो गया है एवं भारत पूरे विश्व को कई मामलों में अपना नेतृत्व प्रदान करता दिखाई दे रहा है। गरीबी उन्मूलन का क्षेत्र भी अब इसमें शामिल हो गया है। भारत के आर्थिक विकास के संबंध में पिछले कुछ वर्षों से लगातार बहुत अच्छी खबरें सुनाई दे रही हैं। सकल घरेलू उत्पाद में तेज वृद्धि दर, भारत से उत्पादों के निर्यात में तेज होती वृद्धि दर और अभी हाल ही में अंतरराष्ट्री मुद्रा कोष द्वारा जारी एक रिपोर्ट, जिसमें बताया गया है कि भारत में गरीबी में भारी कमी दर्ज की गई है।

भारत में राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात गरीबी हटाओ का नारा तो बहुत लगाया गया परंतु धरातल पर गरीबी हटती हुई दिखाई नहीं दी थी। गरीबी हटाने के लिए भारत में कई योजनाएं बनी, कई कार्यदल बने एवं कई समितियां बनीं परंतु गरीबी में कोई बड़ा बदलाव दिखाई नहीं दिया। इस संदर्भ में गठित की गई कुछ महत्वपूर्ण समितियों को यहां दर्शाया जा रहा है। वर्ष 1962 में योजना आयोग कार्य समूह का गठन, वर्ष 1971 वी.एम.दांडेकर और एन.रथ समिति, वर्ष 1979 में अलघ समिति, वर्ष 1993 में लकड़ावाला समिति, वर्ष 2009 में तेंदुलकर समिति एवं वर्ष 2014 में रंगराजन समिति।

इसी प्रकार तत्कालीन सरकारों द्वारा उठाए गए कदमों में शामिल हैं, वर्ष 1952 में सामुदायिक विकास परियोजना, वर्ष 1953 में राष्ट्रीय विस्तार सेवा कार्यक्रम लांच किया गया, वर्ष 1970 में सूखा क्षेत्र पीड़ित कार्यक्रम लाया गया, वर्ष 1971 में लघु कृषक विकास एजेंसी की स्थापना की गई।

साथ ही, पंचवर्षीय योजनाओं के जरिए गरीबी कम करने की कोशिश की गई, चौथी पंचवर्षीय योजना में गरीबी से मुक्ति प्राप्त करने, सामाजिक समानता लाने एवं सामाजिक न्याय की स्थापना करने का प्रण लिया गया। परंतु भारत में गरीबी कम करने के संदर्भ में कुछ उत्साहजनक परिणाम दिखाई नहीं दिए थे, जबकि वर्ष 2014 से वर्ष 2022 के बीच वर्तमान केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई समस्त योजनाएं सफलतापूर्वक लागू की जा सकी हैं। भारत सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं का लाभ कतार में अंतिम पंक्ति में खड़े नागरिक तक पहुंचाने का भरपूर प्रयास किया गया है। इसके लिए भारत में ही निर्मित की गई तकनीकी का भी इस्तेमाल किया गया है। इस संदर्भ में पिछले 9 वर्षों के दौरान केंद्र सरकार ने मिशन मोड में कार्य किया है। सबसे पहिले नागरिकों को स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत सरकार की मदद से शौचालय निर्माण हेतु प्रेरित किया गया। इससे गरीब वर्ग के नागरिकों में भी विश्वास जागा कि उनके परिवार को स्वस्थ रखने के लिए खुले में शौच करना बंद करना होगा और शौचालयों का निर्माण करना ही होगा। ग्रामीण परिवारों को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराने की दृष्टि से उज्जवला योजना को लागू किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना के लागू होने के पूर्व ईंधन के लिए महिलाओं को जंगलों से लकड़ी लाने की व्यवस्था करनी होती थी। इसी प्रकार प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, आयुषमान भारत योजना, जनधन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, एक राष्ट्र एक राशन कार्ड योजना, आदि योजनाओं का भी बहुत अच्छा असर धरातल पर दिखाई दिया है। भारत में आर्थिक सुधार कार्यक्रमों के अंतर्गत आधारभूत ढांचे को विकसित किया जा रहा है, टेलिकॉम क्षेत्र में क्रांति हुई है, डिजिटलाईजेशन क्षेत्र में क्रांति हुई है, गरीब वर्ग के नागरिकों के बैंक खातों में सहायता राशि सीधे ही जमा की जा रही है, जिससे भ्रष्टाचार एक तरह से खत्म होकर गरीब वर्ग के नागरिकों के हाथों में पूरी सहायता राशि पहुंच रही है।

सारे लीकेज बंद कर दिए गए हैं। बल्कि, गरीब नागरिकों में भी अब उत्साह जाग रहा है कि आर्थिक रूप से अब और आगे कैसे बढ़ें। अतिगरीब नागरिकों के गरीबी रेखा के ऊपर आने के बाद अब इनकी आय में वृद्धि किए जाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं ताकि आज का यह गरीब वर्ग कल का मध्यम वर्ग बने और देश के आर्थिक विकास में अपना भरपूर योगदान दे सके। भारत द्वारा राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात देश में ऐसा उत्साह भरा माहौल पहली बार दिखाई दे रहा है।

लर्निंग लायसेंस हेतु 17 मई को गर्ल्स कॉलेज एवं 18 मई को पी.जी. कॉलेज में आयोजित होगा कैंप

सिवनी यशोः- कलेक्टर क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार %%मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान%% के द्वितीय चरण अंतर्गत लर्निंग लायसेंस बनाने के लिए बुधवार 17 मई को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस कन्या महाविद्यालय (गर्ल्स कॉलेज) एवं गुरूवार 18 मई को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय (पी.जी. कॉलेज) सिवनी में प्रातः 11 बजे से कैंप का आयोजन किया जा रहा है। छात्र-छात्राएं लर्निंग लायसेंस बनवाने हेतु आवश्यक दस्तावेज के रूप में आधार कार्ड (मोबाईल नंबर आधार से लिंक), जन्म तिथी प्रमाण हेतु (अंकसूची) एवं 02 पासपोर्ट साईज फोटो लाना होगा।

गुणवत्ता जांच हेतु लिए गए विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने

सिवनी यशोः कलेक्टर क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग के जांच दल द्वारा सतत खाद्य प्रतिष्ठनों का औचक निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच की जा रही है।

मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत नगरीय निकाय क्षेत्रों में वार्डवार आयोजित शिविरों की जानकारी

सिवनी नगरीय क्षेत्र में तिथिवार शिविर

सिवनी यशोः- मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान द्वितीय चरण अंतर्गत 16 मई से 25 मई तक वार्डवार/ग्रामवार कैंपों का आयोजन किया जाना है, जिसके परिपालन में सिवनी नगरपालिका क्षेत्र में 16 मई को महामाया वार्ड का कैंप उत्कृष्ट विद्यालय में, एमएलबी वार्ड का कैंप प्राथमिक शाला पुलिस लाईन में, अकबर वार्ड का कैंप बबरिया प्राथमिक शाला में आयोजित होगा। इसी तरह 17 मई को शास्त्री वार्ड का कैंप गायत्री मंदिर प्रांगण में, सीव्ही रमन वार्ड का कैंप मिशन हाई स्कूल में, कबीर वार्ड का कैंप प्राथमिक शाला डूण्डासिवनी में, 18 मई को टैगौर वार्ड का कैंप डिस्लरी मैदान, महावीर वार्ड का कैंप जिला स्कूल में, गुरूनानक वार्ड का कैंप पुराना राजस्व शाखा मैदान में कैंप आयोजित होंगे। 19 मई 23 को मेजर ध्यानचंद वार्ड का कैंप उर्दू स्कूल में, सुभाष वार्ड का कैंप महावीर व्यायाम शाला में, गांधी वार्ड का कैंप भवानी मढ़िया चौक में, 20 मई 23 को शहीद वार्ड का कैंप यादव मंगल भवन मैदान में, अशोक वार्ड का कैंप अग्रवाल धर्मशाला में, संजय वार्ड का कैंप सोनी बाबा की मजार के पास, 22 मई 23 को आजाद वार्ड का कैंप प्राथमिक कन्या याला मठ स्कूल में, विवेकानंद वार्ड का कैंप गुलशेर बाबा की मजार के पास, 23 मई 23 को रानी दुर्गावती का कैंप विवेकानंद स्कूल में, कस्तूरबा वार्ड का कैंप पाठक चौक में, केदवई वार्ड का कैंप पुराना फिल्टर प्लांट, 24 मई 23 को अंबेडकर वार्ड का कैंप सामुदायिक भवन, भगतसिंह वार्ड का कैंप हड्डी गौदाम एवं पृथ्वीराज चौहान वार्ड का कैंप हनुमान व्यायामशाला में आयोजित होगा।

बरघाट नगरीय क्षेत्र में तिथिवार शिविर

नगर परिषद बरघाट अंतर्गत 16 मई को मां गायत्री वार्ड का कैंप शासकीय प्राथमिक शाला सभा मंच में, मां संतोषी वार्ड का कैंप नवीन प्राथमिक शाला में 17 मई 23 को सरोजिनी नायडू वार्ड का कैंप नेताजी ग्राउंड शासकीय उर्दू शाला में, महात्मा गांधी वार्ड का कैंप सामुदायिक भवन थाने के पास 18 मई 23 को अंबेडकर वार्ड का कैंप सामुदायिक भवन वार्ड क्रमांक 5 में, चंद्रशेखर आजाद वार्ड का कैंप चंद्रशेखर आजाद चौराहा में 19 मई को बजरंग वार्ड का के

मुख्यमंत्री
जन सेवा
अभियान
का द्वितीय
चरण
मध्यप्रदेश श

मंगल भवन में, सुभाष चंद्र बोस वार्ड का कैंप बजरंग चौक सभा मंच में, 21 राजेंद्र प्रसाद वार्ड का कैंप सभा मंच वृत्ताकार समिति के सामने जवाहर लाल नेहरु वार्ड का कैंप मंगल भवन में 22 मई को इंदिरा गांधी वार्ड का कैंप सभा मंच राजेश्वरी चौक में लाल बहादुर शास्त्री वार्ड का कैंप सभा मंच नगर परिषद के सामने, 23 मई को छत्रपति शिवाजी वार्ड का कैंप रामनगर चौराहा हनुमान मंदिर के पास महाराणा प्रताप वार्ड का कैंप सामुदायिक भवन किसान राइस मिल के पास एवं 24 मई को राजीव गांधी वार्ड का कैंप नवीन प्राथमिक शाला के सामने आयोजित होगा।

केवलारी नगरीय क्षेत्र में तिथिवार शिविर

नगर परिषद केवलारी अंतर्गत 16 मई को गांधी वार्ड का कैंप खर्चा रोड सोसाइटी के पास टैगोर वार्ड का केम पंचायत भवन रोड के पास, 17 मई को सुभाष वार्ड का कैंप आंगनवाड़ी केंद्र सिरौली में अंबेडकर वार्ड का कैंप पंचायत भवन भवन बोथिया में 18 मई को शास्त्री वार्ड का कैंप आंगनवाड़ी केंद्र कोटा में विवेकानंद वार्ड का कैंप पंचायत भवन बगलाई में 19 मई को नेहरू वार्ड का कैंप आंगनवाड़ी केंद्र कचहरी में आजाद वार्ड का कैंप आंगनवाड़ी केंद्र डोकररांची में 21 मई को भगत सिंह वार्ड का कैंप आंगनवाड़ी केंद्र मल्हारी में इंदिरा वार्ड का कैंप नगर परिषद कार्यालय के बाजू में 22 मई को मेजर ध्यानचंद अवार्ड का कैंप आंगनवाड़ी केंद्र केवलारी संक्रमणीय के पास मालवीय वार्ड का कैंप आंगनवाड़ी केंद्र टिगरा मोहल्ला केवलारी में 23 मई को अवंती बाई वार्ड का कैंप आंगनवाड़ी केंद्र लोधी मोहल्ला केवलारी में तिलक वार्ड का आंगनवाड़ी केंद्र केवलारी में तथा 24 मई को राधा-कृष्ण वार्ड का कैंप आंगनवाड़ी केंद्र में आयोजित होगा।

छपारा नगरीय क्षेत्र में तिथिवार शिविर

नगर परिषद छपारा अंतर्गत 16 मई को रानी दुर्गावती वार्ड का कैंप आंगनवाड़ी भवन गहरा नाला में सुभाष वार्ड का कैंप नगर परिषद भवन तिन्सा में, 17 मई को शिव नगर वार्ड का कैंप प्राथमिक शाला भवन लाल माटी में तिलक वार्ड का कैंप आंगनवाड़ी भवन संजय कॉलोनी में, 18 मई को अंबेडकर वार्ड का कैंप संत रविदास भवन अंबेडकर वार्ड में शहीद वार्ड का कैंप आंगनवाड़ी भवन कोरी वार्ड में 19 मई को महावीर वार्ड का कैंप प्राथमिक अभ्यास शाला भवन में अब्दुल कलाम वार्ड का कैंप सामुदायिक भवन सोनी मोहल्ला में 21 मई को आजाद वार्ड का कैंप महावीर व्यामशाला भवन लोधी मोहल्ला में विवेकानंद वार्ड का कैंप खेरमाई मंदिर प्रांगण में 22 मई को रानी लक्ष्मीबाई वार्ड का कैंप सामुदायिक भवन संजय कॉलोनी में महाराणा प्रताप वार्ड का कैंप खेरमाई मढ़िया दुर्गा मंदिर प्रांगण में 23 मई को भगत सिंह वार्ड का कैंप नगर परिषद भवन छपारा में हनुमान वार्ड का कैंप नगर परिषद भवन छपारा में तथा 24 मई को शिवाजी वार्ड का कैंप प्राथमिक शाला भवन देवरी कला एवं प्राथमिक शाला भवन गोकुलपुर में आयोजित होगा।

लखनादौन नगरीय क्षेत्र में तिथिवार शिविर

नगर परिषद लखनादौन अंतर्गत 16 मई को लक्ष्मीबाई वार्ड का कैंप खेरमाई मंदिर निवारी टोला में आजाद वार्ड का कैंप शंकर मंदिर में 17 मई को सुभाष वार्ड का कैंप दुर्गा मंदिर अयोध्या बस्ती में शिवाजी वार्ड का कैंप दुर्गा रंगमंच मिशन टोरिया में 18 मई को विनोबा भावे वार्ड का कैंप एनआईसीटी के बाजू में विवेकानंद वार्ड का कैंप पुराना नेशनल स्टार स्कूल के सामने 19 मई को महावीर वार्ड का कैंप दुर्गा मंच समनापुर में रानी दुर्गावती वार्ड का कैंप सार्वजनिक दुर्गा मंच में 21 मई को महाराणा प्रताप वार्ड का कैंप नरसिंह मंदिर में गांधी वार्ड का कैंप आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 10 में 22 मई को सरोजिनी नायडू वार्ड का काम शंकर मडिया में भगत सिंह वार्ड का कैंप संकर मढ़िया मंदिर में 23 मई को शास्त्री वार्ड का दुर्गा चौक सभा मंच में जयप्रकाश वार्ड का कैंप आदिवासी भवन के पास एवं 24 मई को अंबेडकर वार्ड का कैंप अंबेडकर चौराहा में आयोजित होगा।

शिविर लगाकर शिकायतों का निराकरण करें - कलेक्टर

समय सीमा बैठक सम्पन्न

सिवनी यशोः- कलेक्टर क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में सोमवार 15 मई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी श्रीमती निधि सिंह राजपूत, अपर कलेक्टर सी.एल. चनाप सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही।

बैठक में सर्वप्रथम कलेक्टर श्री सिंघल ने 10 मई से प्रारंभ हुए "मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान" के द्वितीय चरण में अधिसूचित सेवाओं के लंबित आवेदनों की निराकरण स्थिति की विभागवार समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान में चयनित सभी सेवाओं के लंबित आवेदनों का तत्काल निराकरण किया जाए, अभियान अवधि में कोई भी पात्र हितग्राही पात्रतानुसार सेवा के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने अभियान से संबंधित सभी 15 विभागों के अधिकारियों को लंबित आवेदनों के साथ साथ नवीन आवेदकों को भी चिन्हांकित कर पात्र सेवा से लाभांवित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंघल ने अभियान के द्वितीय घटक अनुसार सभी विभाग प्रमुखों को सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों के निराकरण के लिए भी निर्देशित किया है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवश्यकतानुसार शिविर लगाकर शिकायतकर्ता की समस्या का निराकरण करते हुए पूर्ण संतुष्टि से सीएम जन शिकायत का निराकरण किया जाए। उन्होने 16 मई से आयोजित होने वाले ग्रामवार/वार्डवार शिविरों को लेकर भी अधिकारियों को व्यवस्थित तैयारियों तथा शिविरों के प्रचार-प्रसार के लिए निर्देशित किया है।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंघल ने समाधान ऑनलाईन के लिए चयनित विषयों के साथ 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों में भी त्वरित कार्यवाही कर संतुष्टि से निराकरण दर्ज करने तथा जन शिकायत, सीएम मॉनिट, माननीय सांसद, माननीय विधायकगणों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के पत्रों में त्वरित कार्यवाही कर प्रतिवेदन प्रेषित करने के निर्देश संबंधित अधिकरियों को दिए। कलेक्टर श्री सिंघल द्वारा विकासखण्डवार आयोजित किए जा रहे दिव्यांग शिविरों के व्यवस्थित आयोजन को लेकर अनुविभागीय अधिकारियों से समन्वय न बनाने को लेकर उप संचालक सामाजिक न्याय पर नाराजगी व्यक्त की गई तथा कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

डेंगू की रोकथाम के लिए निकाली गई डेंगू जागरूकता रैली

जिला मलेरिया कार्यालय, सिवनी
राष्ट्रीय डेंगू दिवस
16 मई 2023
Harmless Partnership to Defeat Dengue

सिवनी यशोः-जिला मलेरिया अधिकारी सिवनी ने बताया कि डेंगू के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए हर साल भारत में 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष भरत में डेंगू दिवस ÷डेंगू को हराने के लिए हार्नेस पार्टनरशिप÷ ("Harness Partnership to defeat dengue") थीम पर मनाया जा रहा है।

राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल परिसर से डेंगू जागरूकता रैली को जिला स्वास्थ्य अधिकारी श्री आर.के. धुर्वे द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया तथा डेंगू की रोकथाम के लिये ''डेंगू मलेरिया नियंत्रण, सबकी चिंता सबकी भागीदारी'' थीम पर जिला मलेरिया कार्यालय में शहरी ए.एन.एम. तथा आशा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कार्यशाला का आयोजन कर डेंगू की रोकथाम की शपथ ली गई। इस अवसर पर जिला मलेरिया अधिकारी श्री रामजी भलावी, सहायक मलेरिया अधिकारी श्रीमति सुशीला मर्सकोले, श्री धनीराम ब्रोकर (एलडीसी) एमआईएस, श्रीमति टिकेश्वरी गौतम लैब टैक्नीशियन, श्री विनोद थंकन, श्री खलील मोहम्मद, शहरी ए.एन.एम. तथा आशा कार्यकर्ता इत्यादि उपस्थित रही।

कार्यशाला में जिला मलेरिया अधिकारी श्री रामजी भलावी द्वारा जिले में डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदाय कर उपस्थित संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा जन सामान्य से अपील कर डेंगू से बचने के लिये आवश्यक जानकारी जैसे घर के आसपास, घर की छत पर अनुपयोगी वस्तुएं जैसे टायर, कन्टेनर, नारियल के खोल, डिस्पोजेबल गिलास, टूटे हुए कप इत्यादि का संग्रह न करने, घरों के आसपास बारिश का पानी जमा न होने देने की बात कही। उन्होंने बताया कि जमा पानी में एडीज मच्छर पनपने लगते हैं अतः कूलर, टंकी, पानी के टांकों एव पानी जमा होने वाले बरतनो मटकों को सप्ताह में एक बार अच्छी तरह साफ कर सुखाकर दोबारा उपयोग करें, सोते समय हमेशा मच्छरदानी का उपयोग करें, मच्छरों के घर में प्रवेश को रोकने के लिये खिड़की एवं दरवाजों में मच्छररोधी जाली लगवाना, मच्छरों के काटने से बचने के लिये पूरे बांह के कपड़े पहनना एवं मच्छर नाशी अगरबत्ती मॉस्किटो रेपिलेंट इत्यादि का उपयोग करना चाहिये। चूंकि डेंगू डेन वायरस के संक्रमण से होता है जो कि मादा एडीज मच्छर के काटने से फैलता है। डेंगू के सामान्य लक्षण लगातार तेज बुखार बना रहना, तेज सिर दर्द, त्वचा पर लाल चकते होना, मास पेशियों एवं जोड़ो में दर्द, नाक एवं मसूड़ों से रक्त स्त्राव इत्यादि है। अगर किसी व्यक्ति को डेंगू जैसे लक्षणों के साथ बुखार आता है तो जिला अस्पताल में डेंगू की एलाइजा अधारित जांच निश्शुल्क उपलब्ध है। याद रखें डेंगू की जांच एवं उपचार में लापरवाही करने से जान का जोखिम हो सकता है।

डेंगू के लक्षण एवं इससे बचाव

सिवनी यशोः- डेंगू, डेन नामक वायरस के संक्रमण से होता है जो कि संक्रमित एडीज मच्छर के काटने से फैलता है। डेंगू का मच्छर आमतौर पर दिन के समय काटता है।

डेंगू के सामान्य लक्षण- लगातार तेज बुखार बना रहना, सिरदर्द, मासपेशियों में दर्द, त्वचा पर लाल चकत्ते होना, आँखों के पीछे दर्द (रिट्रोऑर्बिटल पेन), नाक और मसूड़ों से रक्त स्त्राव, रक्त में प्लेटलेट्स की संख्या कम हो जाना

डेंगू से कैसे बचें- घर एवं घर के आसपास अनुपयोगी वस्तुओं जैसे गमले, टायर, कंटेनर, नारियल के खोल, डिस्पोजल गिलास टूटे-फूटे कप इत्यादि में बारिश का पानी जमा होने से एडीज मच्छर इनमें पनपने लगते है। कूलर, टंकी, टॉकों एवं पानी जमा करने वाले बर्तनों एवं मटके को सप्ताह में एक बार साफ करके सुखाकर दोबारा पानी भरें।सोते समय हमेशा मच्छरदानी का उपयोग करें। मच्छरों के काटने से बचने के लिए पूरी बाँह के कपड़े पहनने चाहिए। मच्छरों का घर में प्रवेश रोकने के लिए खिडकी एवं दरवाजे में मच्छररोधी जाली लगवाना चाहिए।मच्छरो के काटने से बचने के लिए मच्छररोधी अगरबत्ती, मॉस्किटो रैपिलेन्ट इत्यादि उपयोग करना चाहिए।

यदि किसी व्यक्ति में डेंगू जैसे लक्षणों के साथ बुखार आता है तो जिला अस्पताल में डेंगू की एलाइजा अधारित जॉच निशुल्क उपलब्ध है। याद रखे डेंगू के उपचार में लापरवाही करने से जान का खतरा हो सकता है।

चलित पशु चिकित्सा इकाई 9 एम्बुलेंस वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना

सिवनी यशोः- गौरक्षा संकल्प सेवा हेतु चलित पशु चिकित्सा इकाई 1962 योजना अन्तर्गत जिले को प्राप्त 09 एम्बुलेंस वाहन का उद्घाटन सोमवार 15 मई को कलेक्टर परिसर में अध्यक्ष म.प्र. गौसंवर्धन बोर्ड भोपाल अखिलेश्वरानंद, विधायक दिनेश राय, पूर्व विधायक नरेश दिवाकर एवं अन्य जनप्रतिनिधियो के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर क्षितिज सिंघल, उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग सिवनी डॉ जे.पी. शिव तथा अन्य विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति रही।

उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग सिवनी द्वारा ने बतया कि एम्बुलेंस में उपस्थित पशु चिकित्सक, पैरावेट एवं वाहन चालकों की प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कार्यालय में किया गया, जिसमें योजना के संचालन संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा संचालनालय निर्देशानुसार योजना के संचालन के बारे में निर्देशित किया गया।

लंबित जाति प्रमाण पत्र आवेदनों के त्वरित निराकरण के कलेक्टर ने दिए निर्देश

सिवनी यशोः- कलेक्टर क्षितिज सिंघल द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुविभागीय अधिकारियों एवं शिक्षा तथा जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर स्कूली छात्र-छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को उनके कार्यालय में लंबित आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही कर नियमानुसार प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि छात्र-छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए न्यूनतम आवश्यक दस्तावेज को आधार बनाकर प्रमाण पत्र जारी किए जाएं। इसी तरह सभी बीआरसी को पूर्व में रिजेक्ट किए गए आवेदनों पर न्यूनतम आवश्यक दस्तावेज संलग्न का अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

गेहूं उपार्जन 20 मई तक

सिवनी यशोः- जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया है कि शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2023-24 अंतर्गत गेहूंउपार्जन की अंतिम तिथि 20 मई 2023 कर दी गई है। गेहूं उपार्जन के लिए जिले में कुल 100 उपार्जन केन्द्र संचालित हैं। सभी किसान बंधुओं से अपील है कि अपनी सुविधानुसार नजदीकी गेहूं खरीदी केन्द्रों में जाकर शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर अपनी फसल का विक्रय कर सकते हैं।

बाल श्रवण उपचार योजना में छूटे बच्चों का चिन्हांकन एक जून से

सिवनी यशोः- राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में संचालित बाल श्रवण उपचार योजना के छूटे बच्चों का चिन्हांकन कर उपचार सुनिश्चित किया जायेगा। इस संबंध में एमडी एनएचएम श्रीमती प्रियंका दास ने जिलों के सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये हैं।

आशा कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में एक अप्रैल 2023 की स्थिति में 4 वर्ष से कम आयु के श्रवण-बाधित बच्चों का एक जून से 30 जून 2023 तक चिन्हांकन करेगी। इनमें आंशिक रूप से श्रवण-बाधित और संदेहास्पद रूप से परिलक्षित बच्चों का चिन्हांकन किया जायेगा। आशा कार्यकर्ता द्वारा चिन्हित बच्चों को एक जुलाई से 31 जुलाई तक आँगनवाड़ी केन्द्र में प्राथमिक जाँच के लिये लाया जायेगा। एएनएम ऐसे सभी बच्चों का, जिनमे श्रवण-बाधित और आंशिक रूप से श्रवण-बाधिता पाई गई है, उनकी पुनः जाँच कर श्रवण-बाधिता की पुष्टि करेगी। एएनएम से पुष्टि के बाद श्रवण-बाधित बच्चों को जाँच के लिये निकटतम प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लाया जायेगा। चिकित्सा अधिकारी श्रवण-बाधित की पुष्टि के लिये जाँच करेंगे। ग्राम स्तर से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर तक रेफरल प्रक्रिया की निगरानी की जवाबदेही सीएचओ की रहेगी।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर चिन्हित श्रवण-बाधित बच्चों को जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र ले जाया जायेगा। चिन्हित श्रवण-बाधित बच्चों को हियरिंग एड के लिये निश्शक्तता प्रमाण-पत्र मेडिकल बोर्ड से उपलब्ध कराया जायेगा। चिन्हांकित श्रवण-बाधित बच्चों को हेयरिंग एड देकर प्राथमिक उपचार दिया जायेगा। आवश्यकता अनुसार 5 वर्ष आयु तक के छूटे हुए श्रवण-बाधित बच्चों का एडीआईपी योजना में मान्यता प्राप्त चिकित्सालयों में निश्शुल्क उपचार कराया जायेगा।

श्रवण-बाधित चिन्हांकित बच्चों के निःशुल्क उपचार के लिये निर्धारित पैकेज में कॉकिल्यर इम्पलांट सर्जरी के लिये 5 लाख 20 हजार, परिवहन के लिये 2 हजार और इम्पलांट के बाद पूर्ण फॉलोअप के लिये एक लाख 28 हजार रूपये की राशि निर्धारित है। निश्शुल्क कॉकिल्यर इम्पलांट सर्जरी सहित उपचार के लिये प्रदेश के 7 चिकित्सालय संबद्ध हैं। इनमें दिव्य एडवांस ईएनटी क्लीनिक भोपाल, श्री अरविंदो मेडिकल कॉलेज इंदौर, चिरायु मेडिकल कॉलेज भोपाल, एलएन मेडिकल कॉलेज एवं जे.के. हॉस्पिटल भोपाल, नोबल हॉस्पिटल इंदौर, चोईथराम हॉस्पिटल इंदौर और आर.डी. गार्डी मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल उज्जैन शामिल हैं।

मां बैनगंगा नदी को प्रदुषित करेगी सिवनी नगर से निकली गंदगी

ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण की हुई मांग

सिवनी यशोः- जिला प्रशासन एवं नगर पालिका सिवनी द्वारा एतिहासिक दलसागर तालाब को प्रदुषण मुक्त किये जाने के लिये प्रयास किये जा रहे है इसी कड़ी में नगर के विभिन्न वार्डो से निकलकर नाले में एकत्रित होने वाले दूषित पानी को मुख्य नाले से प्रवाहित करने के लिये वर्षो पूर्व बनाये गये विशाल नाले को अतिक्रमण मुक्त किये जाने का अभियान जारी है। जिसकी चहुओर प्रशंसा भी हो रही है लेकिन अब यही नाला जिले की जीवन दायिनी पुण्यसालिला मां वैनगंगा नदी के जल को प्रदूषित करेगा।

वैनगंगा नदी के संरक्षण एवं गहरीकरण के लिये कई वर्षो से प्रयासरत संस्था मां वैनगंगा सेवा अभियान लखनवाड़ा ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में जिला कलेक्टर सिवनी, सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन, विधायक मुनमुन राय, नगर पालिका अध्यक्ष शफीक खान से अनुरोध किया है कि ग्राम परतापुर एवं लखनवाड़ा के मध्य जिस स्थान पर नाला बैनगंगा नदी पर मिलता है वहां पहले वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जाये ताकि मध्य प्रदेश की सबसे स्वच्छ जल संग्रहण क्षमता वाली वैनगंगा नदी को प्रदूषित होने से बचाया जा सके। ज्ञात रहे कि जिले के पूर्व कलेक्टर भरत यादव के कार्यकाल के दौरान सेवा अभियान की मांग पर लखनवाड़ा वैनगंगा तट का गहरीकरण कार्य बड़े पैमाने में किया गया था। जिसके परिणाम स्वरुप आज भरी गर्मी में भी लखनवाड़ा तट पर भरपूर जल उपलब्ध है।

विज्ञप्ति में सेवा अभियान के आशीष बघेल, शैलेन्द्र बघेल, मनीष बघेल, विपिन शर्मा, मिथलेश सनोडिया, सुरेश बघेल, नंदन श्रीवास्त्री, श्वेत अग्रवाल, रूपेश कोहरू, घनश्याम सनोडिया, शशि भूषण सिंह बघेल, विपिन बघेल, जापनी जैन, अखिलेश तारण, हर्षित शर्मा, सुशील ठाकुर, राजू शर्मा, राजा पराते, संतोष रजक सहित अन्य सदस्यों ने बताया कि वैनगंगा नदी के जल का उपयोग न केवल सिवनी नगर के स्थानीय निवासी पेयजल के लिये उपयोग करते है बल्कि ग्राम मुंडरा से निकलने वाली इस नदी के पानी को केवलारी विकासखंड के ग्राम उगली के मध्य पडने वाले हजारों ग्रामों के निवासी पेयजल के साथ सिंचाई के लिये प्रयोग में लाते है।

केन्द्र की मोदी सरकार नदियों को जोडने एवं उन्हें प्रदूषण मुक्त करने के लिये नमामी गंगे जैसे अभियान चला रही है। लेकिन यदि जिला प्रशासन द्वारा नाले से प्रवाहित होने वाले प्रदूषित जल को वर्ष भर वैनगंगा नदी में प्रवाहित किया गया तो इससे न केवल नदी में प्रदूषण होगा बल्कि इसके तट पर अंतिम संस्कार एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान के लिये आने वाले सिवनी तथा छिन्दवाड़ा जिले के सनातनी धर्म की अस्थाओं पर विपरीत प्रभाव भी पड़ेगा।

सेवा अभियान ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा नगर पालिका सिवनी को सीवरेज सिस्टम लगाने के लिये लाखों रूपये की राशि आवंटित की गई थी लेकिन पालिका द्वारा समय पर तकनीकी प्रस्ताव केन्द्र सरकार के समक्ष प्रस्तुत नही किये गये थे। जिसके चलते सीवर लाईन सहित वैनगंगा नदी के घाटों पर जिन स्थानों के उपर नगर का प्रदूषित जल मिलता है वहां वाटर ट्रीटमेंट का निर्माण आरंभ नही हो पाया। पर्यावरण संरक्षण से जुड़े इस संगठन ने प्रशासन व निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया है कि वे नगर पालिका सिवनी के अधिकारियों को तत्काल निर्देश जारी कर सीवर लाईन सिस्टम एवं वाटर ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण के लिये अवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दे ताकि दलसागर तालाब के साथ पवित्र वैनगंगा नदी को भी प्रदूषण् से मुक्त रखा जा सकें।

जल जीवन मिशन की कलेक्टर ने समीक्षा

सिवनी यशोः- कलेक्टर क्षितिज सिंघल ने सोमवार 15 मई को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जल निगम के अधिकारियों की बैठक लेकर जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रगतिरत एकल एवं समूह नल जल योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती निधि सिंह राजपूत, सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, पीएचई एवं जल निगम के मैदानी की उपस्थिति रही।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंघल ने विगत बैठक के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा कर विभाग द्वारा विगत बैठक से अब तक किए गए नलकूप खनन, हैण्डपंप मरम्मत कार्य तथा विद्युत विभाग द्वारा किए गए योजनाओं के विद्युतिकरण की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशानुसार जल जीवन मिशन के सभी कार्य पूर्ण गुणवत्ता से समय सीमा में पूर्ण किए जाएं, ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखकर ऐसे ग्राम योजना के कार्य ग्रीष्मकाल में पूर्ण नहीं हो पाएंगे उनमें पेयजल आपूर्ति के लिए वैकल्पिक व्यवस्था बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकरियों को समस्याग्रस्त ग्रामों का चिन्हांकन करते हुए अभियान चलाकर वैकल्पिक व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित जनपद के अधिकारियों को भी उनकी जनपदों में उपलब्ध वाटर टैंकर का अवलोकन कर उनकी मरम्मत आदि कराकर जल अभावग्रस्त ग्रामों में पेयजल व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए।

डिफाल्टर किसानों के लिये ब्याज माफी योजना के निर्देश जारी

योजना में संशोधन-परिवर्तन का निर्णय लेने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कमेटी गठित

सिवनी यशोः- राज्य मंत्रि-परिषद द्वारा लिये गये निर्णय के अनुक्रम में सहकारिता विभाग ने डिफाल्टर कृषकों के बकाया कालातीत फसल ऋणों के ब्याज माफ किये जाने के निर्देश जारी कर दिये गये हैं। ब्याज माफी योजना में डिफाल्टर कृषकों की संख्या और ब्याज की राशि आदि में आवश्यकतानुसार संशोधन/परिवर्तन का निर्णय लेने के लिये मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कमेटी भी गठित की गई है।

जारी निर्देश अनुसार प्रदेश के जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों से संबद्ध प्राथमिक साख सहकारी समितियों (पैक्स) के ऐसे कृषक, जिन पर 31 मार्च की स्थिति में कुल देयताएँ (मूल ब्याज) 2 लाख रूपये तक है और डिफाल्टर हैं, के ब्याज की प्रतिपूर्ति शासन द्वारा की जायेगी। कुल देयताओं की गणना में अल्पकालीन और मध्यकालीन परिवर्तित ऋण को शामिल किया जायेगा। उपलब्ध जानकारी के अनुसार 31 मार्च 2023 की स्थिति में प्रदेश में 11 लाख 19 हजार डिफाल्टर कृषक हैं, जिन पर माफी योग्य ब्याज की राशि लगभग 2 हजार 123 करोड़ रूपये है। योजना का लाभ 31 मार्च 2023 की स्थिति में डिफाल्टर हुए कृषकों की सूची में से केवल आवेदन करने वाले डिफाल्टर कृषकों को ही दिया जायेगा।

सचिव सहकारिता श्री विवेक पोरवाल ने बताया कि योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता के लिए डिफाल्टर कृषकों की सूची में यूनिक नम्बर (सरल क्रमांक) के साथ कृषक का नाम, उस पर बकाया मूलधन एवं माफ की जाने वाली ब्याज राशि का विवरण बैंक स्तर पर यूटिलिटी पोर्टल से सार्वजनिक किया जायेगा।

राज्य शासन द्वारा दी जाने वाली अंशपूँजी की राशि का उपयोग सभी संबंधित संस्थाएँ प्रथमतः कृषकों के ब्याज को माफ करने के लिये उपयोग करेंगी। प्रदत्त अंशपूँजी वापसी योग्य नहीं होगी। कृषकों के लिये योजना की अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2023 रखी गई है। योजना से लाभान्वित कृषकों को कृषि कार्य के लिये खाद उपलब्ध कराने के लिये यह विशेष सुविधा दी जायेगी कि जितनी राशि कृषक अपने ऋण खाते में नगद जमा करेंगे, उतनी राशि तक का खाद समिति से ऋण के रूप में प्राप्त कर सकेंगे।

योजना में डिफाल्टर कृषकों की संख्या एवं ब्याज की राशि आदि में आवश्यकतानुसार संशोधन/परिवर्तन करने का निर्णय लेने के लिये मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कमेटी गठित की गई है। अपर मुख्य सचिव वित्त, अपर मुख्य सचिव किसान-कल्याण तथा कृषि विकास, सचिव सहकारिता, आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएँ कमेटी के सदस्य और प्रबंध संचालक राज्य सहकारी बैंक को संयोजक सदस्य है।

बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक पूर्व आई ए एस डॉ. श्याम सिंह कुमरे ने प्रदेश के महामहिम राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल से पिछले दिनों सौजन्य भेंट की इस अवसर पर राज्यपाल के विधिक सलाहकार विक्रांत सिंह कुमरे उपस्थित रहे।

उत्तरा पोर्टल पर फीड करें समुचित जानकारी, अन्यथा होगी कार्यवाही

समय-सीमा बैठक में कलेक्टर के निर्देश

मंडला यशोः- योजना भवन में प्रति सोमवार को आयोजित होने वाली समय-सीमा बैठक में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने सीएम हेल्पलाईन, मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान 2.0, लाड़ली बहना योजना एवं विभागीय समन्वय से जुड़े विषयों पर बैठक की। बैठक में उन्होंने सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि उत्तरा पोर्टल पर जरूरी जवाब एवं जानकारी अनिवार्यतः भरें। समुचित जवाब फीड नहीं करने की स्थिति में संबंधितों पर कार्यवाही की जाएगी। डॉ. सिडाना ने सीएम हेल्पलाईन की जनपदवार, नगरीय निकायवार तथा विभागवार समीक्षा की। उन्होंने निवास जनपद की बेहतर निराकरण स्थिति पर संतोष जताया। उन्होंने राजस्व विभाग की समीक्षा में निवास एवं घुघरी की प्रगति को भी बेहतर बताया। बैठक में एडीएम मीना मसराम, एसीईओ श्री मरावी, सभी एसडीएम, सीएमओ नगरपालिका, सीईओ जनपद एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने सीएम हेल्पलाईन की बीएमओवार भी समीक्षा की। उन्होंने बी, सी तथा डी श्रेणी के विभागों के अधिकारियों से जवाब भी मांगे। उन्होंने कहा कि संतुष्टि के साथ शिकायत निवारण का भरसक प्रयास करें। अपने कार्य स्तर को अधिकाधिक बेहतर करें। लोगों की समस्या का समाधान जरूरी है। बैठक में उन्होनें विभागीय समन्वय एवं भूमि आवंटन से जुड़े विषयों की भी विस्तार से समीक्षा की तथा जरूरी निर्देश भी दिए। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि अनुकंपा नियुक्ति तथा रिक्त पदों की जानकारी इसी सप्ताह कलेक्टर कार्यालय को भेजें।

लाड़ली बहनाः महिलाओं की सुविधा का रखें ध्यान

कलेक्टर ने लाड़ली बहना योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि आपत्ति निराकरण एवं डीबीटी से संबंधित कार्य बैंकों के साथ समन्वय करते हुए पूरा करें। योजना से जुड़े सभी कार्यों में महिलाओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखें।

योजना के आवश्यक कार्य ग्राम पंचायत स्तर पर ही सुनिश्चित करने का प्रयास करें। डॉ. सिडाना ने सभी सीईओ एवं सीएमओ से योजना की प्रगति एवं संचालित कार्यों की जानकारी ली। बैठक में उन्होंने बारिश के पूर्व सड़क निर्माण एवं मरम्मत के कार्य को भी गति देने के निर्देश दिए।

जनसेवा शिविरों का करें प्रभावी आयोजन

कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान 2.0 के अंतर्गत 16 मई 2023 से शिविरों के आयोजन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी अपने क्षेत्रों में शिविरों का प्रभावी एवं सुनिश्चित ढंग से आयोजन करें। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित करें। उन्होंने कहा कि क्लस्टर स्तर पर कैम्प लगाते हुए निर्धारित 68 सेवाओं के लाभ संबंधी इंतजाम करें। साथ ही शिविरों की जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार भी सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कार्यालय स्तर पर लगने वाले शिविरों के संबंध में भी चर्चा की एवं जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान 2.0 के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सेवाओं का प्रचार-प्रसार दीवार लेखन एवं अन्य माध्यमों से कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 17 मई से क्लस्टर स्तरीय अधिकारी मैदानी भ्रमण में रहेंगे।

पंचायतों में कराएं ओआरएस वितरण

कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने ग्रीष्म ऋतु एवं लू के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि पंचायत स्तरों पर लगातार ओआरएस वितरण कराएं तथा स्थानीयजनों को लू से बचाव के लिए सुरक्षात्मक उपायों की जानकारी दें। उन्होंने पीएचई विभाग को भी निर्देशित किया कि गर्मी एवं लू के मद्देनजर पेयजल संकट को अत्यंत गंभीरता से निराकृत करें। उन्होंने कहा कि पेयजल समस्या निराकरण के लिए हेंडपंप सुधार एवं आवश्यक बैठकें आदि को प्राथमिकता से पूर्ण करें। पेयजल उपलब्ध के लिए जरूरी इंतजामों को पहले सुनिश्चित करें, पेयजल परिवहन को अंतिम विकल्प के रूप में रखें। उन्होंने पंचायत, पीएचई विभाग तथा बिजली विभाग को इस दौरान प्रभावी समन्वय रखने के निर्देश दिए।

पूज्य सिंधी पंचायत ने दिखाई निःशुल्क द केरला स्टोरी

मंडला यशोः- युवाओं के लिए प्रेरणादायी फिल्म द केरला स्टोरी को पूज्य सिंधी पंचायत मंडला ने सामाजिक युवाओं जिसमें 18 वर्ष से 30 वर्ष तक की बहनों, विवाहित महिलाओं को यह फिल्म स्थानीय थियेटर में निःशुल्क दिखाई गई। वर्तमान समय में देखा जा रहा है कि युवा पीढ़ी की राह विचलित होती जा रही है एवं कई बार ये समाज और परिवार के विरूद्ध निर्णय लेते हैं जिसका दुष्परिणाम बुद्धिजीवी सामाजिक जन समझ रहा है, इसमें युवा पीढ़ी को वर्तमान भटकाव के परिदृश्य से सतर्क रहने के उद्देश्य, संस्कारित जीवन जीने तथा परिवारिक-सामाजिक दायित्व के अधीन जीवन जीने का फिल्मांकन किया गया है, काफी शहरों पर युवा वर्ग के साथ तरह तरह की अप्रिय घटना हुई हैं जिनको देखते हुए सभी को सतर्क करने की भावना से प्रेरित होकर सामाजिक जनों को यह फिल्म दिखाई गई और उनसे जागरूक रहने की अपेक्षा की गई। इस दौरान बडी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

जनपद पंचायत मोहगांव में आयोजित हुआ दिव्यांग शिविर

दिव्यांग प्रमाण-पत्र के 56 आवेदन स्वीकृत

मंडला यशोः- मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी दी है कि म.प्र. शासन के दिशा निर्देशानुसार मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान का द्वितीय चरण 10 मई से 31 मई 2023 तक चलेगा। इसी के तारतम्य में 15 मई 2023 को जनपद पंचायत मोहगांव में दिव्यांग शिविर लगाकर हितग्राहियों को लाभ दिया जा रहा है। शिविर में विकलांग प्रमाण पत्र के लिए 72 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 56 आवेदन स्वीकृत हुए। इसी प्रकार प्रस्तुति सहायता के लिए 3 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से तीनों आवेदन स्वीकृत हुए।

मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान 2.0: स्वास्थ्य संबंधी विषयों के लिए विकासखंड स्तर पर लगेंगे शिविर

मंडला। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी दी कि मध्यप्रदेश शासन के दिशा निर्देशानुसार मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान का द्वितीय चरण 10 मई से 31 मई 2023 तक चलेगा, जिसके लिए शहरी क्षेत्र एवं पंचायत क्षेत्र के निवासी अपने-अपने स्तर पर पहुंचकर लाभ ले सकते हैं। उन्होंने जन समुदाय से अपील की है कि विकलांगता प्रमाण पत्र, आवेदक की आयु का चिकित्सकीय सत्यापन, मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना के प्रकरण स्वीकृत किये जायेंगे। प्रसूति सहायता योजना का लाभ प्रदान करना जो कि श्रम विभाग में जिनका नाम उल्लेखित है, जन्म प्रमाण पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र में योजना का सांख्यिकी विभाग में डाटा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग सहयोगी विभाग है। मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत जिले के समस्त विकासखण्डों में आयोजित दिव्यांग शिविरों के सफल आयोजन हेतु जबलपुर एवं जिला चिकित्सालय मंडला से विषय विशेषज्ञों की टीम गठित की गई है जो निर्धारित तिथियों में जनपद पंचायतों में पहुंचकर सेवाऐं देंगे।

तिथिवार कार्यक्रम

जारी कार्यक्रम के अनुसार जिला चिकित्सालय मंडला में 16 मई, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिछिया में 17 मई, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मवई में 18 मई, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नैनपुर में 19 मई, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज में 22 मई, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निवास में 24 मई तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बीजाडांडी में 25 मई 2023 को शिविर आयोजित होंगे।

मूंग एवं उड़द उपार्जन हेतु पंजीयन 19 तक

मंडला यशोः- विपणन वर्ष 2023-24 में प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत ई-उपार्जन पोर्टल पर ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द के समर्थन मूल्य पर उपार्जन हेतु 8 मई 2023 से 19 मई 2023 तक पंजीयन किये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। मध्यप्रदेश शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा 19 जनवरी 2023 के अनुसार विपणन वर्ष 2023-24 के अनुसार समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन फसल मूंग एवं उड़द के किसान पंजीयन की प्रक्रिया का निर्धारण किया गया है जिसके अनुसार ही जिले में गेहूँ पंजीयन के लिए निर्धारित किये गये पंजीयन केन्द्रों में ही ग्रीष्मकालीन फसल मूंग एवं उड़द हेतु कृषकों का पंजीयन कार्य सम्पादित किया जाएगा।

जिले में ग्रीष्मकालीन फसल मूंग एवं उड़द उपार्जन हेतु किसानों का पंजीयन 19 मई 2023 तक गेहूँ हेतु निर्धारित पंजीयन केन्द्रों पर पंजीयन कार्य दिवस में कार्यालयीन समय पर किया जाना हैं। इसके अतिरिक्त कृषक अथॉराईज्ड एम.पी. ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेन्टर, लोकसेवा केन्द्र, सायबर कैफे तथा स्वयं के मोबाईल अथवा कम्प्यूटर से निर्धारित वेबसाईट में पंजीयन करा सकते हैं।

गेहूँ उपार्जन 20 तक

मंडला यशोः- जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2023-24 अन्तर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी 1 अप्रैल 2023 से 15 मई 2023 तक नियत की गई थी। असामयिक वर्षा होने के कारण शासन द्वारा 20 मई 2023 तक वृद्धि कर दी गई है। जिले के किसानों से आग्रह किया गया है कि एफएक्यू. क्वालिटी की उपज लेकर ही उपार्जन केन्द्र पर आएं ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न रहे।

मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना: आयुष का हुआ सफल ऑपरेशन

मंडला यशोः- मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना से जिले के बच्चों को जीवनदान मिल रहा है। इस योजना ने विकासखण्ड मंडला के वार्ड नम्बर 17 डॉ0 राधाकृष्णन वार्ड निवासी 13 माह के आयुष बैरागी नया जीवन दिया। आयुष को आरबीएसके के तहत योजना का लाभ मिला तथा 22 अप्रैल 2023 को आयुष के हृदय का सफल ऑपरेशन नारायण हेल्थ यूनिट एसआरसीसी मुम्बई में विशेषज्ञों द्वारा किया गया। बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के माध्यम से परिवार को इस योजना का लाभ मिला जिससे आयुष के माता-पिता अपने बच्चे को स्वस्थ्य देखकर अब खुश हैं।

आयुष के पिता विकास बैरागी का कहना है कि मेरे बच्चे को सांस लेने में तकलीफ होती थी, तब निमोनिया या सर्दी, खांसी का ईलाज डॉक्टरों के द्वारा करा लेता था। फिर आयुष को जिला अस्पताल में शिशु रोग विशेषज्ञ को दिखाया तब पता चला कि बच्चे के हृदय में समस्या है। यह सुन मैं और मेरा परिवार बहुत डर सा गया, किन्तु हमें डॉक्टरों द्वारा समझाईश दी गई और कहा गया कि ऑपरेशन के बाद बच्चा ठीक हो जायेगा, डरने की बात नही है। विकास बैरागी बताते हैं कि हायर सेंटर मुम्बई में विशेषज्ञों के द्वारा ऑपरेशन किया गया जिसके बाद मेरा बच्चा आयुष अब पूर्णतः स्वस्थ्य हो गया। इसके बाद आरबीएसके टीम के द्वारा आयुष का समय-समय पर फॉलोअप भी किया जा रहा है।

कहीं भी कोई पशु बीमार दिखे -डॉयल करें - 1962 जिले को मिली 10 वेटनरी मोबाइल यूनिट

मंडला यशोः- उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने बताया कि मंडला जिले को 10 वेटनरी मोबाइल यूनिट मिली हैं जिसके अंतर्गत 9 विकासखंडों में एक-एक मोबाइल यूनिट एवं एक जिला मुख्यालय को दी गई है। 12 मई 2023 को मुख्यमंत्री द्वारा पूरे प्रदेश को भोपाल में आयोजित 'गौरक्षा संकल्प सम्मेलन' में 406 एम्बुलेंस को हरी झण्डी दिखाई गई हैं। उपसंचालक ने बताया कि जिले में कहीं से भी 1962 टोल फ्री नंबर पर कॉल करने पर घायल या बीमारी पशु को त्वरित सहायता एवं उपचार कार्य मिलेगा जिससे पशुओं के जीवन को बचाया जा सकेगा।

उपसंचालक ने बताया कि प्रत्येक एम्बुलेंस वाहन में एक पशु चिकित्सक, एक सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी एवं एक वाहन चालक रहेगा। यह टीम पशुपालकों के पशुओं के उपचार के लिए सशुल्क घर पहुंच सेवा उपलब्ध कराएगी। वाहन में आवश्यक दवाइयां एवं पशु चिकित्सा की सेवाएं दी जाएँगी। प्राप्त एम्बुलेंसों को जल्द ही विकासखंड स्तर पर सेवाएं हेतु भेजा जायेगा।

जनसेवा मित्रों द्वारा लोगों को किया जा रहा स्वच्छता हेतु जागरूक

मंडला यशोः- 14 मई को सुबह नर्मदा तट पर नारायणगंज के सभी जनसेवा मित्रों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही लोगों को समझाईश दी कि नर्मदा के तट पर स्नान करने वाले लोग प्लास्टिक, कच्चरा घाटों पर न फेंके अपितु निर्धारित कूड़ादान में ही डालें। तत्पश्चात जनसेवा मित्रों द्वारा नर्मदा तट में साफ सफाई, दीवार लेखन और जागरूकता का काम किया। इस दौरान नारायणगंज के जनसेवा मित्र आकाश मरावी, दुर्गेश रजक, पूनम राय, रामविकास बर्मन, अभिषेक, अंकित, आशीष चक्रवर्ती, रोहित उपस्थित रहे।

पुलिस एवं सेना भर्ती प्रशिक्षण 13 जून को

मंडला यशोः- सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 मई से 15 जून 2023 तक क्रीडा परिसर कालपी विकासखंड बीजाडांडी 13 जनजातीय एवं 13 अनुसूचित जाति के कुल 26 युवकों को पुलिस एवं सेना भर्ती प्रशिक्षण दिया जाना है। उक्त प्रशिक्षण में सेना के अधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी, पीटीआई, विषय शिक्षकों द्वारा शारीरिक एवं सैद्धांतिक परीक्षा हेतु प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के लिए युवाओं का चयन 13 मई 2023 को क्रीडा परिसर कालपी विकासखंड बीजाडांडी जिला मंडला के ग्राउण्ड में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक किया जाएगा जिसमें सेना एवं पुलिस भर्ती के निर्धारित मापदण्ड की अर्हताएं पूर्ण करने वाले बालक व युवाओं का चयन होगा। प्रशिक्षण अवधि में आवास, भोजन, टीशर्ट, नेकर, ट्रेकसूट, जूते अभ्यर्थियों को निःशुल्क प्रदाय किया जाएगा।

20 मई से शुरू होगा किले वाले बाबा का उर्स

मंडला यशोः- हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हजरत बाबा बख्नेना शाह रहमतुल्लाह अलैह किले वाले बाबा का उर्स मनाया जायेगा। श्रीनाथ अग्रवाल व मुन्नू गुप्ता ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि हर साल की तरह इस साल भी किले वाले बाबा का उर्स पूरी अकीदत के साथ मनाया जाएगा। उर्स की शुरुआत 20 मई 2023 दिन शनिवार से होगी। इस दिन दरगाह परिसर में मिलाद शरीफका एहतमाम किया गया है। 21 मई दिन रविवार को हजरत बाबा बंगाली शाह रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह से शाही संदल निकाला जाएगा। यह संदल नगर गश्त करता हुआ देर रात किले वाले बाबा की दरगाह में पेश किया जाएगा। 22 मई दिन सोमवार की रात महफिले शमा का एहतमाम किया गया है। इसमें मशहूर दरबारी कव्वाल अपना कलाम पेश करेंगे। 23 मई दिन मंगलवार की सुबह कुल की फातिहा होगी। उर्स कमेटी ने बाबा के सभी चाहने वालों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर उर्स के सभी कार्यक्रमों को कामयाब बनाने की अपील की है।

समुचित मॉनिटरिंग तथा लक्ष्य की पूर्ति नहीं होने पर ईईपीएचई का 2 दिन का वेतन काटने के निर्देश

कलेक्टर ने की जल-जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा

मंडला यशोः-जल-जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि प्रत्येक गांव-टोला तक पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करें। जल-जीवन मिशन के कार्यों में प्रगति लाएं। योजना की समुचित मॉनिटरिंग नहीं करने तथा साप्ताहिक लक्ष्य की पूर्ति नहीं होने पर कलेक्टर ने ईईपीएचई का 2 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि पेयजल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही परिलक्षित होने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। बैठक में एसीईओ एसएस मरावी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

डॉ. सिडाना ने निर्देशित किया कि पीएचई का मैदानी अमला क्षेत्र का लगातार भ्रमण करते हुए जल संबंधी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। जो नलजल योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं उनमें डीपीआर के अनुसार स्वीकृत प्रत्येक घर में अनिवार्य रूप से पानी पहुंचे। उन्होंने पूर्ण हो चुकी योजनाओं की एमआईएस एंट्री करने के भी निर्देश दिए।

सुधारे गए हेंडपंपों की रेंडम जाँच कराएं

कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि सभी अधिकारी हेंडपंप खनन के साप्ताहिक लक्ष्य की पूर्ति करें। हेंडपंप खनन के साथ-साथ नियमानुसार हेंडिल सहित अन्य उपकरण लगाने की कार्यवाही भी पूर्ण करें। हेंडपंप से ग्रामीणों को पानी उपलब्ध होने की स्थिति में ही खनन पूर्ण माना जाएगा। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि ऐसे प्रत्येक हेंडपंप की जानकारी लें जो बंद हैं, उनमें आवश्यकतानुसार सुधार कराएं। उन्होंने एसीईओ जिला पंचायत को पीएचई द्वारा सुधारे गए हेंडपंपों की रेंडम जांच कराने के निर्देश दिए।

समय पर बिल अदा करें पंचायतें

बैठक में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि विद्युत के कारण किसी भी योजना का संचालन प्रभावित नहीं होना चाहिए। ग्राम पंचायतें निर्धारित समय पर विद्युत देयकों का भुगतान करें। वोल्टेज सहित विद्युत संबंधी अन्य समस्याओं के लिए ईईपीएचई संबंधित विभागों से समन्वय करें। बैठक में 3 फेस कनेक्शन के प्राक्कलन तथा डिमांड नोट के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए।

गुणवत्ता के साथ ठीक करें खोदी गई सड़क

बैठक में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि जल-जीवन मिशन के कार्यों के तहत जिन क्षेत्रों में भी सड़क खोदी जा रही है, कार्य पूर्ण होते ही उचित गुणवत्ता के साथ सड़क की मरम्मत एवं सुधार कार्य कराना सुनिश्चित करें। सड़क सुधार में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों की भी समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

मंडला यशोः- प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय अंजनिया में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें एमपी ऑनलाइन के समस्त संचालकों, महाविद्यालय के समस्त सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में पंजीयन फॉर्म भरना, च्वाइस फीलिंग, ऑनलाइन सत्यापन, महाविद्यालय आवंटन, विषय समूह का चयन एवं ऑनलाइन शुल्क भुगतान, अपग्रेडेशन प्रक्रिया, प्रमोशन प्रक्रिया, योजना चयन एवं परिवर्तन के साथ-साथ संकाय, कक्षा, विषय परिवर्तन एवं प्रवेश निरस्तीकरण से संबंधित जानकारी प्रदान की गई।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी
ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी, 9425843297